दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732



वर्ष: 01 | अंक: 234 | जयपुर | 9 अप्रैल 2023 | रविवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## 303 लोगों की जान बचाने वाले कैप्टन अनिल चौधरी को सागर सम्मान



जयपुर. पिछले साल नवंबर में हिंद महासागर में एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन करके 303 लोगों की जान बचाने वाले कैप्टन अनिल चौधरी को सागर सम्मान दिया है। नेशनल मेरीटाइम डे ये अवार्ड की पत्नी राजेश्वरी ने प्राप्त किया। उनको ये सम्मान पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने दिया। कैप्टन चौधरी राजस्थान के जयपुर में रहते है और उन्होंने पिछले साल 7 नवम्बर को एक बोट में फंसे 310 लोगों को रेस्क्यू करवाया था। इस बोट में अधिकांशतः श्रीलंकाई लोग थे जो अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश में आश्रय लेने के लिए जा रहे थे। छोटी-सी बोट में फंसे इन लोगों का रेस्क्यू करना बहुत मुश्किल था, लेकिन कैप्टन चौधरी ने बड़ी सूझबूझ से इन लोगों के जीवन को बचाया। इस अभियान को देखते हुए सरकार ने कैप्टन चौधरी को ये गैलेंट्री अवार्ड देकर सम्मानित किया है।

## जयपुर में सबसे अधिक नए कोरोना संक्रमित

जयपुर. राजस्थान में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में शनिवार को 137 कोरोना संक्रमित मिले है। अप्रैल महीने में हर दिन लगातार कोरोना का ग्राफ बढ़ रहा है। चिकित्सा विभाग की ओर से शनिवार को प्रदेश में 1781 सैंपल लिए गए। इनमें से 15 उदयपुर, 3 टोंक, 7 सिरोही, 1 कोटा, 17 जोधपुर, 9 झालावाड़, 46 जयपुर, 1 दौसा, 4 चूरू, 2 चित्तौड़गढ़, 1 बूंदी, 5 बीकानेर, 11 अलवर और अजमेर में 15 पॉजिटिव मिले है। 23 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। वहीं अब प्रदेश में कुल 496 कोरोना पॉजिटिव हो गए है। राजस्थान में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले चिंतित करने वाले है। एक अप्रैल को 21 केस आए और उसके बाद 8 अप्रैल को 137 केस आए है। लगातार कोरोना केसों में बढ़ोतरी हो रही है। माना जा रहा है कि मई में कोरोना के मामले में ज्यादा बढ़ेगे। बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। सभी अस्पतालों में तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए है। सभी अस्पतालों में कोरोना के टेस्ट बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए है। जिसके चलते कोरोना की टेस्टिंग बढ़ा दी गई है।

**- देश में कोरोना के 6,155 केस, 11 मौतें**

देश में शुक्रवार को कोरोना के 6,155 नए मामले सामने आए। 11 लोगों की मौत हुई, जबकि 3,253 लोग इस बीमारी से ठीक हुए। तीन दिन बाद नए केसेस में स्थिरता देखने को मिली है। गुरुवार को 6050 नए केस सामने आए थे, इसके मुकाबले शुक्रवार को ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल देश में 31 हजार 194 लोगों का इलाज चल रहा है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट 5.63% पहुंच गया है। देश में रोजाना सामने आ रहे कोरोना केसों में 38.2% केस इइ.1.16 ओमिक्रॉन वैरिएंट की वजह से हैं। ये वैरिएंट इइ.1 वैरिएंट की तुलना में 1.27 गुना और इइ.1.5 वैरिएंट की तुलना में 1.17 गुना ज्यादा तेजी से इंसानों में फैलता है। इस वैरिएंट में कई तरह की एंटी-सार्स एंटीबॉडीज के प्रति प्रतिरोधक क्षमता है। आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही इइ.1.16 ओमिक्रॉन वैरिएंट पूरी दुनिया में फैल जाएगा।

## 3,250 करोड़ के लोन-फ्रॉड केस में चंदा-दीपक कोचर और वेणुगोपाल धूत के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली. सीबीआई ने 3,250 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड मामले में आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी ने तीनों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड के सेक्शन 120-इ (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी), 409 (क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट) और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के प्रोविजन के तहत चार्जशीट दायर की है। कंपनियों और व्यक्तियों सहित 9 संस्थाओं को नामित किया है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी बैंक से चंदा कोचर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी की अनिवार्य आवश्यकता के बिना मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट के सामने अपनी आखिरी रिपोर्ट दाखिल करेगी। उन्होंने कहा कि मंजूरी के लिए बैंक को एक लेटर भेजा गया था, लेकिन एजेंसी को उसके जवाब का इंतजार है। आम तौर पर स्पेशल कोर्ट चार्जशीट का संज्ञान लेने के लिए आगे बढ़ने से पहले मंजूरी का इंतजार करती है और बाद में यदि वारंट हो तो मुकदमा शुरू करती है। अधिकारियों ने कहा कि स्पेशल कोर्ट ने चार्जशीट पर अभी तक संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार के मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के प्रोविजन लागू नहीं होंगे। एजेंसी ने इस मामले में चंदा कोचर, दीपक कोचर और वेणुगोपाल धूत को पिछले साल दिसंबर 2022 में गिरफ्तार किया था। तीनों को 10 जनवरी 2023 तक 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। इसके बाद तीनों को रिहा कर दिया गया था।



# रेप के बाद महिला को थिनर डाल जिंदा जलाया

## चेहरे से लेकर कमर तक जली पीड़िता, इलाज के दौरान मौत

बाड़मेर. बाड़मेर में दरिंदे युवक ने घर में घुसकर महिला से रेप किया फिर थिनर डालकर उसे जिंदा जला दिया। बुरी तरह झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। चेहरे से लेकर कमर तक करीब 50 फीसदी तक जल गई थी। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घटना को लेकर परिजनों और लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। मृतका के परिजन और ग्रामीण जोधपुर में धरने पर बैठे हैं। दिल दहला देने वाली वारदात बाड़मेर जिले के पचपदरा थाना इलाके गुरुवार की है। पुलिस के अनुसार पचपदरा थाना क्षेत्र की एक ढाणी में गुरुवार दोपहर को विवाहिता को अकेली पाकर युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता जब चीखने-चिल्लाने लगी तो हैवान ने उसे जला दिया। महिला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे उपचार के लिए बालोतरा के एक निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। पचपदरा डीएसपी भी महिला के बयान लेने एम्बुलेंस के साथ जोधपुर गए। इस बीच, जोधपुर में शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पचपदरा डीएसपी मदनलाल मीणा ने बताया आरोपी शकूर (30) पुत्र कालू खान बांगुडी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की देर रात जोधपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पूरे मामले की जांच की जा रही है। रेप पीड़िता को जलाने और इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। वहीं, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने




ट्वीट कर राज्य की कांग्रेस सरकार घेरा और लिखा कि लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराधियों में कानून का खौफ खत्म हो चुका है। घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को निजी? अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोग? एकत्रित हो गए। भाजपा नेताओं ने? पुलिस पर ढिलाई बरतने का आरोप? लगाया। इस बीच, पचपदरा सीट से कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने? अस्पताल पहुंचकर परिजनों को? ढाढ़स बंधाया। वहीं, अस्पताल के बाहर से? भीड़ को हटाते वक्त पुलिस और भाजपा कार्यकताओं में कहासुनी हो गई।? पुलिस ने बताया कि महिला के पति ने रिपोर्ट दी है कि वह बालोतरा में मजदूरी करता है। वह परिजनों सहित ढाणी में रहता है। गुरुवार को वह मजदूरी करने बालोतरा आ गया था। उसके दो बेटे व दो बेटियां स्कूल चले गए थे। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे परिजन का फोन आया कि उसकी पत्नी के साथ शकूर खान पुत्र कालू खान ने रेप कर अपने साथ लाए थिनर को डालकर आग लगा दी। पीड़िता के चिल्लाने पर परिजन दौड़कर आए तब तक आरोपी भाग गया था। महिला ने बताया करीब 2 बजे शकूर उसे अकेली देख ढाणी में घुस आया। जबरन खींचकर कमरे में ले जाकर रेप किया। चिल्लाने पर परिवार की महिला मौके पर पहुंची, मगर उसको धक्का देकर गिराने के बाद शकूर उस पर थिनर छिड़ककर आग लगा दी। इसके बाद अन्य परिजन भी पहुंचे, जिन्होंने कंबल व रजाई डालकर किसी तरह से आग



बुझाई और उसे पहले राजकीय अस्पताल फिर एक निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। वहीं, लापरवाह पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एक्शन की भी मांग है। पचपदरा विधायक मदन प्रजापत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी धरना स्थल पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। फिलहाल रेप पीड़िता का शव मॉच्युरी में पड़ा है। परिजन मांगे नही माने तक पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया है। केंद्र मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ट्वीट करते हुए लिखा दलित महिला से एक युवक द्वारा दुष्कर्म और उसे जान से मारने की कोशिश के बाद राजस्थान सरकार का रवैया वही रहा जो आरोपी चाहता था। ऊपर से इलाज में की गई देर बताती है कि सामान्य जन की जान की प्रशासन और सरकार को कितनी फिक्र है।

**रेप पीड़िता की मौत पर धरना**


बाड़मेर जिले के पचपदरा में रेप के बाद थिनर डालने से झुलसी महिला की महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अब परिजन और समाज के लोग विभिन्न मांगों को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉच्युर्री के बाहर धरना दे रहे हैं। परिजनों ने मांगे नहीं मानने तक बॉडी उठाने से इनकार कर दिया है। धरना स्थल पर परिजनों और समाज के लोगों से समझाइश के लिए पचपदरा विधायक मदन प्रजापत, शहर विधायक मनीषा पवार, पशुधन कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी भी पहुंचे। फिलहाल परिजनों और समाज के लोगों के साथ बातचीत चल रही है। परिजनों ने पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि देने की मांग की है। इसके अलावा पचपदरा पुलिस उप अधीक्षक को निलंबित करने की मांग की जा रही है। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, बालोतरा पुलिस थाना अधिकारी को निलंबित करने, पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं की सुविधा देने की मांग प्रशासन से की गई है।

**सिरफिरे आशिक ने छात्रा से की छेड़छाड़**

जयपुर में सिरफिरे आशिक के कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। कॉलेज बस को रोककर चढ़े आरोपी ने छात्रा से मारपीट की। बाल खींचकर 8-10 थप्पड़ मारने के बाद तेजाब डालने और जाने से मारने की धमकी देकर भाग निकला। चित्रकूट थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह पहले परिवार के साथ आरोपी शुभम शेखावत के पड़ोस में रहते थे। करीब डेढ़ साल पहले वह दूसरी जगह रहने लगे। आरोप है कि उसके बाद से शुभम शेखावत उससे मोबाइल पर बात करने की कोशिश करता था। बात करने से मना कर उसके नंबर ब्लॉक कर दिए। मोबाइल नंबर बदल-बदल कर आरोपी शुभम उससे बात करने की कोशिश करता था। आरोपी शुभम अजमेर रोड 200 फीट बाइपास के पास कार आगे लगाकर कॉलेज बस को रूकवा लिया। बस में घुसकर आए आरोपी शुभम ने उसके साथ छेड़छाड़ कर मारपीट की। उसके बाल खींचकर आरोपी ने 8-10 थप्पड़ मारे। तेजाब डालने और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

# विजय के लिए संगठित कार्य शक्ति जरूरी: मोहन भागवत

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है।डॉ. भागवत जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में सेवा संगम के दूसरे दिन शनिवार को देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संघ की प्रार्थना का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का संरक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परमवैभव सम्पन्न बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं, ऐसा करने वाले अपना तो भला करते नहीं और



दूसरों का भी नुकसान करते हैं।उन्होंने निःस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवाकार्य मन की तड़पन से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है। कार्य करने के लिए कार्यकर्ता में रुचि, ज्ञान और भान होना आवश्यक है। हमें जय-जय नहीं करनी है और ना ही करानी है। जो सभी ने मिलकर तय किया उसको मानना और असहमत होते हुए भी कार्य सफल करना कार्यकर्ता का स्वभाव होना चाहिए। सेवा कार्य में जोश से ज्यादा होश की आवश्यकता रहती है।डॉ. भागवत ने प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि सेवा करते हैं तो अपने आप प्रसिद्धि मिलती है, लेकिन उस ओर ध्यान नहीं देना है। सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। कई बार छोटी- छोटी बातों से बड़ी बातें बनती हैं। सात्विक प्रकृति का हमारा कार्य है, इसलिए सात्विक कार्यकर्ता बनाने पड़ेंगे। ज्यादा बड़बोलापन काम का नहीं है। इसलिए सौ काम हो जाएं, तब एक बताने का हमारा स्वभाव होना चाहिए।सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि सेवा का कार्यकर्ता बनना बहुत आसान बात नहीं है। अपना जैसा रीति रिवाज है, वैसा अन्य किसी संस्था में नहीं है। हम अपनी- अपनी जगह खूब सेवा कार्य करते हैं। सेवा का काम डॉ. हेडगेवार की जन्मशती से नहीं, उनके जन्म से शुरू हुआ। संघ की स्थापना तक डॉ. हेडगेवार ने भी बहुत सेवा कार्य किए। आपदा प्रबंधन भी किया। पीड़ितों की सेवा की। इसी का प्रतिबिंब संघ के कार्यक्रमों में आया और जगह-जगह होने वाले सेवा कार्यों को सेवा भारती के रूप में व्यवस्थित रूप दिया गया। उन्होंने कार्यकताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टतापूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## 6 साल और 9 महीने की बहनें जिंदा जलीं

रानीवाड़ा. खेत में बनी झोपड़ी में आग लगने से 6 साल और 9 महीने की बच्चियां जिंदा जल गईं। इनके मां-बाप खेत में काम कर रहे थे। वे फौरन झोपड़ी की तरफ भागे और शोर मचाया। आसपास के लोग भी दौड़े और आग बुझाने में जुटे, लेकिन सब नाकाम रहे। दोनों मासूम बच्चियों को बचाया नहीं जा सका। मामला जालोर के रानीवाड़ा तहसील क्षेत्र का है। ग्राम विकास अधिकारी हरीश चौधरी ने बताया कि रामपुरा ग्राम पंचायत के वगतापुरा गांव में रामाराम केवदाजी चौधरी के खेत में रमेश पुत्र मफाजी भील निवासी डूंगरी अपनी पत्नी पार्वती (30) के साथ काम कर रहा था। इस दौरान खेत में कुएं के पास बनी झोपड़ी में उसकी बेटियां भानु (6 साल) और बसंती (9 महीने) सो रही थीं। शनिवार सुबह झोपड़ी में अचानक आग लग गई। 50-60 फीट की दूरी पर काम कर रहे पति-पत्नी को झोपड़ी से आग की लपटें उठती दिखीं तो दोनों भागकर मौके पर पहुंचे और शोर मचाने लगे। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान भी दौड़कर पहुंचे, लेकिन आग नहीं बुझा सके। झोपड़ी में सो रहीं दोनों बच्चियां जिंदा जल गईं। रानीवाड़ा थाने के हेड कॉन्स्टेबल किशोर सिंह, भू-अभिलेख निरीक्षक रमेश सुथार सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित रमेश के 2 बेटे भी हैं। बड़ा बेटा प्रवीण कुमार (8) तावीदर गांव में रिश्तेदारी में गया हुआ था, जबकि छोटा बेटा विनेश कुमार (4) अपने माता-पिता के साथ खेत में था। वहीं, बड़गांव ग्राम पंचायत की सरपंच करिश्मा देवड़ा ने कहा कि कृषि काम में आ रहे कुओं के मालिक की ओर से काश्तकार के लिए पक्का मकान बनाना चाहिए। कच्ची झोपड़ी में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, इसे रोका जाना चाहिए।



## राष्ट्रपति मुर्मू फायटर जेट की को-पायलट बनीं

गुवाहाटी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में 30 मिनट की सॉर्टी की। सुखोई जेट ने सुबह पर टेक ऑफ किया। और 11 बजकर 38 मिनट पर लैंड किया। सुखोई में उड़ान भरने वाली वे देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गई हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। एयरफोर्स के मुताबिक 30 मिनट की उड़ान में राष्ट्रपति ने ब्रह्मपुत्र और तेजपुर वैली को कवर किया। विमान ने समुद्र तल से करीब दो किलोमीटर की ऊंचाई पर और करीब 800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। एयरक्राफ्ट को 106 स्क्वाड्रन कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। उड़ान से पहले राष्ट्रपति को एयरक्राफ्ट और वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता के बारे में बताया गया। मुर्मू से पहले देश की 12वीं राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 2009 में सुखोई में उड़ान भरी थी। सुखोई में उड़ान भरकर प्रतिभा पाटिल ने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। पहला सुखोई में उड़ान भरने वाली किसी देश की पहली महिला राष्ट्रपति। दूसरा किसी देश की सबसे उम्रदराज महिला। प्रतिभा पाटिल तब 74 साल की थीं। उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। प्रतिभा पाटिल से पहले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति रहने के दौरान 8 जून 2006 में सुखोई से उड़ान भर चुके हैं। वे ऐसा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति थे। प्रतिभा पाटिल ने उनके बाद सुखोई से उड़ान भरी। अब द्रौपदी मुर्मू ऐसा करने वाली तीसरी राष्ट्रपति हो गई हैं। निर्मला सीतारमण ने 17 जनवरी 2018 में सुखोई 30एमकेआई में उड़ान भरी थी, उस समय वे रक्षा मंत्री थीं। देश के सबसे एडवांस फाइटर जेट सुखोई में उड़ान भरने वाली वह पहली महिला बन गई थीं। उन्होंने जोधपुर एयरबेस से 2100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाले सुखोई 30एमकेआई से 8 हजार मीटर से ज्यादा ऊंची उड़ान भरी थी। वे करीब 45 मिनट आसमान में रहीं थीं।

**हालांकि अभी भी ट्रेन के कॉमर्शियल रन का फाइन शेड्यूल जारी नहीं किया गया है**

# पहली सेमी हाईस्पीड वंदेभारत ट्रेन 12 अप्रैल से

जयपुर. राजस्थान की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत 12 अप्रैल से शुरू होगी। हालांकि अभी भी ट्रेन के कॉमर्शियल रन का फाइन शेड्यूल जारी नहीं किया गया है, आज शाम तक इसका शेड्यूल जारी होगा। उद्घाटन वाले दिन ट्रेन को अजमेर की जगह जयपुर से नई दिल्ली के बीच चलाया जाएगा। 12 अप्रैल दोपहर 12:30 बजे जयपुर से ट्रेन चलेगी, जिसे पीएम मोदी दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। यह देश की 14वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। सूत्रों के मुताबिक उद्घाटन के बाद सामान्य दिनों में ट्रेन का संचालन अजमेर-दिल्ली के बीच होगा। फाइनल शेड्यूल जारी होने पर ट्रेन की टाइमिंग, सप्ताह में दिन, स्टॉपेज और किराया आदि की जानकारी मिलेगी। इस ट्रेन की खासियत है कि यह पूरी तरह से 100 फीसदी स्वदेशी तकनीक से बनी हुई है। पूरी तरह से एसी ट्रेन में आरामदायक सीटें, ऑटोमेटिक दरवाजे, जीपीएस सिस्टम और वाईफाई आदि जैसी कई सुविधाएं हैं। इस ट्रेन का मार्च में तीन दिन ट्रायल किया गया था। तब इस ट्रेन को अजमेर से नई दिल्ली के बीच करीब 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से चलाया गया था। ट्रायल रन के दौरान ही ट्रेन में स्टाफ की तैनाती को लेकर अजमेर और जयपुर मंडल के कर्मचारियों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया था। दोनों ही मंडल के कर्मचारी संगठन अपने-अपने यहां से कर्मचारियों को टिकट चेकिंग और ऑपरेशन के लिए



तैनाती चाहते थे। वर्तमान में देश में कुल 11 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। पहली ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच जनवरी 2019 में शुरू की गई थी। इसके बाद यह अत्याधुनिक ट्रेन नई दिल्ली-वैष्णो देवी, गांधीनगर-मुंबई, दिल्ली-अंब अंदौरा(हिमाचल प्रदेश), चेन्नई-मैसूर, नागपुर-बिलासपुर, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी, विशाखापट्टनम-सिकंदराबाद, मुंबई-साईंनगर शिर्डी, मुंबई-सोलापुर और भोपाल-दिल्ली के बीच शुरू की गई। इसके अलावा आज शनिवार से चेन्नई-कोयंबटूर और सिकंदराबाद-तिरुपति के बीच भी वंदे भारत शुरू होने जा रही है। इन दोनों ट्रेनों को पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



## सम्पादकीय

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए परम्परागत रूप से उठाये जाने वाले कदमों से अलग तौर तरीके से चल रहे हैं,जिसकी वजह से अपराधी खौफजदा हैं उनके मददगारों और पनाहगारों की संख्या कम होती जा रही है। असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है।इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं। विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है। ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली विकास

# माफियाओं के खिलाफ योगी के सख्त तेवरों से ही रहता है यूपी में अमन-चैन का माहौल

दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इससे पूर्व उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति भी पुलिस ने उसके कब्जे से खाली करा ली थी। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे बाहुबलियों के भी आर्थिक साम्राज्य को तोड़ा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। अब तक के छह साल के कार्यकाल में यूपी पुलिस ने माफियाओं, अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, शराब माफिया बदन सिंह बद्दो, कुख्यात सुनील राठी, सुशील मूंछ, सुंदर भाटी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह और बाहुबली विजय मिश्रा समेत 64 गैंगस्टरों की 3000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने या तो जब्त की हैं या फिर सरकार ने उन पर बुलडोजर चलवा दिया है। इसमें माफिया डॉन अतीक अहमद के अलावा मुख्तार अंसारी की 523 करोड़ रुपए की संपत्तियां पर कार्रवाई हुई है। इसी तरह ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो की भी करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं जबकि उसके और उसके सहयोगियों के तमाम अवैध अड्डों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। बाहुबली विजय मिश्रा की भी 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अब तक जब्त की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। बाहुबली अतीक अहमद को हाल में ही उमेश पाल अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतीक गुजरात के साबरमती जेल में सजा काट रहा है। अतीक के खिलाफ सौ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन उसके खिलाफ कोई गवाही नहीं देता था, उसको सजा दिलाने के लिए अभियोजन विभाग ने सशक्त पैरवी की। गवाहों को कोर्ट तक पहुंचाया। नतीजतन, मुख्तार अंसारी को उसके वर्षों से लंबित मुकदमों में सजा होनी शुरू हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 61 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह बाहुबली विजय मिश्रा जिसके खिलाफ संगीन धाराओं के 83 केस दर्ज हैं उसे भी कोर्ट ने सजा दी। अभियोजन विभाग की पैरवी से आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सजा मिली जिससे उनकी विधायकी रद्द हुई। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में पुलिस और अन्य एजेंसियों के सहयोग से यह सब संभव हुआ। योगी सरकार के एक साल की बात की जाए तो योगी राज में बीते एक साल में 21 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, 1256 अपराधी मुठभेड़ में घायल हुए। वहीं एनकाउंटर के दौरान 182 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसी बीच 25000 के 2749 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए और 50000 के 267 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए, इसके अलावा 50,000 से ज्यादा इनाम वाले 36 अपराधी गिरफ्तार हुए।

## मनेंद्रगढ़ में बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पिता गिरफ्तार

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबीः एक तरफ लड़कियों के लिए सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर बच्चियों को सुरक्षित करने में लगी है तो दिनोदिन बच्चियां असुरक्षित होती जा रही है. आमतौर पर बच्चियों को बाहरी दुनिया में खुद को सुरक्षित रहने को लेकर माता पिता तरह तरह की सीख देते रहते हैं लेकिन कई बार घर में ही बच्चियों के साथ अनैतिक काम होता है. ऐसा ही कुछ मनेंद्रगढ़ जिले में हुआ. जहां 5 साल की बच्ची से उसके पिता ने ही दुष्कर्म किया. बच्ची ने ये बात मां को बताई. मां ने मनेंद्रगढ़ थाने में पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस अधिकारी रामनयन गुप्ता ने बताया कि बच्ची की मां ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने शुक्रवार को अपनी ही बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया.विवाद के कारण अलग रहते थे पति पत्नीः दुष्कर्म पीड़ितबच्ची के माता पिता के बीच आए दिन विवाद होता था. पति पत्नी का विवाद बढ़ते हुए कोर्ट पहुंच गया. कोर्ट के आदेश के बाद पति पत्नी दोनों अलग अलग रहने लगे. कोर्ट ने 5 साल की बच्ची को पिता के साथ रहने की अनुमति दी. इसी बीच गुरुवार को आरोपी पिता ने नशे में अपनी 5 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया. बच्ची ने इसकी जानकारी मोबाइल फोन के जरिए अपनी मां को दी. बच्ची की मां को जैसे ही ये बात पता चली, रोती बिलखती मां, मितानिन संघ के साथ मनेंद्रगढ़ थाने पहुंची और मामले की शिकायत दर्ज कराई. पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत केस दर्ज किया और आरोपी पिता को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया.




## रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने जिला जशपुर के थाना बगीचा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर/ पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग द्वारा आज जिला जशपुर के थाना बगीचा का आकस्मिक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान थाने में संधारित विभिन्न पंजियों जैसे तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, मालखाना, शत्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन किया। आईजी द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि प्रार्थीगण की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें किसी निर्धन व्यक्ति को परेशान न किया जाय पूर्व से लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करने एवं समंस-वारंट की तामिली समय-सीमा में करने निर्देश दिए। आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि गंभीर अपराध, गुम बालक-बालिकाओ,चिटफंड जैसे मामलों में थाना प्रभारी स्वयं विवेचना करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बगीचा एस. एस. ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी संदीप मित्तल सहित थाना के समस्त पुलिस स्टॉफ मौजूद रहें।



## आवारा कुत्तों के हमले से मासूम की हो गई दर्द नाक मौत

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया / बैकुंठपुर स्थित ईट भट्ठे में काम करने के लिये आएं श्रमिक के 5 वर्ष मासूम बच्ची पर कुत्ते के झुंड ने हमला कर दिया, हमले में बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। आपको बता दे कि दूर-दराज से काम की तलाश में मजदूर आते हैं और जब काम इनको मिल जाता है तब वहीं रहकर काम करते हैं, लेकिन कहीं ना कहीं इन मजदूरों को ऐसे जगह पर रखा जाता है जिन को हर चीज की परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी का परिणाम आज एक मजदूर के परिवार को भुगतना पड़ा।थोड़ी लापरवाही के कारण परिजनो ने अपने मासूम बच्चे से हांथ धोना पड़ा, क्योंकि क्षेत्र में रोजगार की ना मिलने से से श्रमिकों को रोजगार की तलाश में बहार जाना पड़ता है जिसका परिणाम आज एक दर्दनाक दुखद घटना हुइ जिसमे बैकुंठपुर के ईट भट्ठे में काम करने आए श्रमिक के 5 साल की मासूम सुकांति माझी पिता अजय माझी पर कुत्ते के झुंड ने हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई हमला इतना दर्दनाक था मासूम की तस्वीर देख रोंगटे खड़े हो हो गए जिला अस्पताल बैकुंठपुर लाते ही चिकत्सक ने तत्काल मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्डम के बाद परिजनों को शव सौप दिया गया है।तो वहीं, डॉक्टर ने बताया कि जब बच्चे को आज करीब 12:30 बजे लाया गया था उस समय बच्चे के शरीर में बहुत सारे इस प्रकार की स्ट्रक थे कि इसे साफ जाहिर हो रहा था कि इसे कुत्ते के द्वारा हमला किया गया है जैसे कि बच्चे की मौत हो गई।



## सामाजिक-आर्थिक सर्वे कार्य कलेक्टर ध्रुव ने केल्हारी पहुंचकर सर्वे कार्य का लिया जायजा

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी/ जिले में तेजी से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य जारी है। अब तक लगभग साढ़े 11 हजार परिवार का सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले में 340 प्रगणक दल सर्वेक्षण कार्य में जुटे हुए हैं। कलेक्टर पी. एस. ध्रुव ने आज मनेन्द्रगढ़ ब्लाक के सुदूर अंचल के ग्राम पंचायत केल्हारी का दौरा कर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने प्रगणक दलों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें लोगों से प्राप्त जानकारी को सही तरीके से संधारित करने समझाईश दी। कलेक्टर ने इस मौके पर ग्रामीणों से भी प्रगणक दलों को परिवार की स्थिति के बारे में सही जानकारी देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे से प्राप्त जानकारी के आधार पर ही आगे सरकार द्वारा जन सामान्य के बेहतरी के लिए नीतियां व कार्यक्रम बनाएं जाएंगे।कलेक्टर ध्रुव ने बताया कि जिले के भरतपुर जनपद की 84 ग्राम पंचायतों में अब तक 5728 परिवारों का सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी तरह मनेन्द्रगढ़ जनपद की 72 ग्राम पंचायतों में 3409 परिवारों तथा खड़गवां जनपद की 44 ग्राम पंचायतों में 2421 परिवारों के सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि भरतपुर एवं मनेन्द्रगढ़ जनपद में 120-120 प्रगणक दल सर्वेक्षण के लिए लगाए गए हैं। खड़गवां जनपद में 100 दल सर्वे कार्य में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जहां परिवारों की संख्या 400 से अधिक है वहां दो-दो प्रगणक दल तैनात किए गए हैं। भरतपुर जनपद वनांचल क्षेत्र है। यहां ग्राम पंचायतों का दायरा औसतन 10 से 15 किलोमीटर तक विस्तृत है, इसको ध्यान में रखते हुए यहां सर्वे कार्य को तेजी से पूरा कराने के लिए 120 दल तैनात किए गए हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ग्रामीण परिवारों की संख्या 68,513 है, जिसमें भरतपुर जनपद में 31,110 परिवार, खड़गवां में 12603 परिवार तथा मनेन्दगढ़ में 24,800 परिवार निवासरत हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है।



## 4 महीनों से लापता 2 नाबालिग महाराष्ट्र से बरामद, शादी का झांसा देकर एक लड़की से किया दुष्कर्म, आरोपी को कर लिया गया है गिरफ्तार,पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनकपुर पुलिस की कार्यवाही

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी। जिले के जनकपुर थाना अंतर्गत दो नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों नाबालिग को महाराष्ट्र के पुणे से बरामद कर लिया है साथ ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**थाना प्रभारी ने दी जानकारी**

पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जनकपुर मोतीलाल शुक्ला ने बताया की 9 दिसम्बर 2022 को 17 वर्ष और 06 वर्ष उम्र की दो नाबालिग बालिकाओं के गायब होने की सूचना थाना जनकपुर में उनके परिजनों द्वारा दी गई थी।

**पुलिस ने शुरू की पता तलाश**

परिजनों की रिपोर्ट पर थाना जनकपुर में धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई ।पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर महिलाओं और बच्चों के अपराध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक टी.आर.कोशिमा द्वारा जिले में नाबालिग लड़कियों के अपहरण एवं महिलाओं के विरूद्ध दर्ज अपराधों की सवेदनशीलता से विवेचना कर तत्काल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तारकरने के आदेश दिये गये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे के मार्ग दर्शन में




निरीक्षक थानाप्रभारी एम.एल. शुक्ला थाना जनकपुर के द्वारा उपरोक्त अपराध की विवेचना पतासाजी की जा रही थी।

**आधुनिक तकनीकों का किया गया प्रयोग**

उच्च तकनीकी का प्रयोग करते हुए जानकारी एकत्र की गई तो पता चला की दोनों नाबालिग लड़कियों को आरोपी दुर्गेश नन्दा पिता विश्राम सिंहनन्दा उम्र 25 वर्ष निवासी राघवपुर थाना शाहपुर जिला डिंडोरी मध्यप्रदेश अपने साथ भगाकर ले गया है। जांच के दौरान पता चला की आरोपी दोनों लड़कियों को शिरूर पुणे महाराष्ट्र में रखा है जिसके बाद पुलिस टीम परिजनों के साथ पुणे गई जहां से नाबालिग लड़कियों और आरोपी को पुलिस थाना जनकपुर लाया गया।

**1 बालिका से दुष्कर्म की हुई पुष्टि**

लड़कियों को बरामद कर उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर परिजन के सुपुर्द किया गया तथा आरोपी कोधारा 363,366,376 (2) (ढ) भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। 04 माह से अपहृत लड़कियों को पुणे महाराष्ट्र से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलतामिलने पर लड़कियों के परिजनों में खुशी की लहर है।

**ये रहे कार्यवाही में शामिल**

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जनकपुर निरीक्षक एम.एल. शुक्ला के अलावा सउनि राजेन्द्र सिंह, प्र.आर. संतोष, आरक्षक ज्ञानप्रकाश लकड़ा तथा महिला आरक्षक प्रियंका पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही।

## नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा मौत के बाद उठ रहे कई सवाल, बिना जांचे खून चढ़ाने की वजह से जच्चा-बच्चा की गई जानसूत्र, पिता ने रढ से निष्पक्ष जांच की माग.

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सूरजपुर/ सूरजपुर जिले में पदस्थ डॉक्टर स्टाफ किस तरह की करतूत कारनामे करने में लगे है किसी से छिपा नही है. डॉक्टरों की मनमानी चरम पर इन्हें किसी का कोई डर भय नही, खुलकर नियम कानून को तार कर इंसानियत का मजाक उड़ा रहे. रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत का मामला थमने का नाम नही ले रहा. जिस तरह से जिला चिकित्सालय से प्रसूता को अपने निजी नर्सिंग होम ले जाया गया,उससे हर कोई हैरत में है . जानकर बताते है अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थ होने के साथ उसके कई दलाल स्टाफ भी है जो अनगिनत प्रसूता को जिला अस्पताल से निजी नर्सिंग होम भेजते रहते थे.जिसमे से कई नवजात काल के गाल में समा गए डॉक्टर की लापरवाही..? सब कुछ जानते हुए भी अधिकारियों की चुप्पी ने आग में घी का काम किया है. डॉक्टर बेखोफ सारे नियम कानून को ताक में रखते हुए खुद की नर्सिंग होम के साथ जिला अस्पताल में ड्यूटी कर रही है साथ ही यहाँ के मरीजो को नर्सिंग होम ले जा रही, ना कोई रोकने वाला..ना कुछ कहने वाला.. अधिकारियों ने आंखे बंद कर खुली छूट दे रखी है .जिससे अस्पताल बदहाल दलाल में तब्दील हो गया. फिलहाल रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत के मामले में परिजन आज पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. जिसमे बताया गया है वे अब तक हुई पुलिस जांच की जांच से संतुष्ट नही है और उन्होंने सिलसिलेवार घटना क्रम की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पुत्री को 3 अप्रैल को सुबह जिला अस्पताल लाया 4 की शाम तक थी और डॉक्टर और उसकी सहयोगी



नर्स के कहने पर वे रश्मि नर्सिंग होम ले गए और फीस बताई गई जिसमें नार्मल डिलवरी का 15 हजार बताये जाने पर दस हजार रुपए जमा किये, स्वास्थ परीक्षण कर बताया गया कि मां के पेट में बच्चा सुरक्षित है जिसका नार्मल डिलवरी होगा. बुधवार को सुबह बताया गया कि ऑपरेशन करना पड़ेगा. मेरे द्वारा सहमति देने पर ऑपरेशन किया गया और मृत शिशु होना बताया गया और ऑपरेशन के बाद खून की जरूरत बताने पर डॉ० मैडम ने जिला अस्पताल में फोन के माध्यम से चर्चा कर जिला अस्पताल में स्थित शासकीय ब्लड बैंक में मेरा नाम लेकर खून की थैली लेकर आने को कहा गया बताये अनुसार अस्पताल पहुँच 1450 रुपए फीस देकर खून की थैली लेकर नर्सिंग होम पहुँचने पर शाम को महिला डॉक्टर ने नवजात शिशु का शव उसके कहे अनुसार ले जाकर दफना दिया उसके लिए गड्ढा खोदकर का फावड़ा भी मुहैया कराया गया था. नदी से आने पर एक थैली खून की आवश्यकता बताकर पुनः जिला अस्पताल के ब्लड बैंक जाने कहकर बोली, मेरा बात हो गया है। जहां फीस देकर खून की थैली ले आईये मेरे द्वारा ब्लड बैंक मे राशि जमा कर ब्लड की थैली लेकर आया. खून की थैली ठण्डा होना कहकर कपड़े में गर्म किया गया और स्टॉफ के द्वारा खून चढ़ाया गया। इस दौरान मृतिका पूजा साहू की तबीयत खराब होने पर आपातकाल नं0 108 में कॉल कर एम्बुलेंस बुलाया गया। वाहन रास्ते में था तब डॉक्ष्ट ने हमारे फोन से कॉल कर आने हेतु मना कर दिया गया और वह कुछ नही होगा कहकर मेरे पुत्री के सीना को दबाते रहे। लेकिन आखिरकार उसकी मौत हो चुकी थी। डॉ० रश्मी कुमार ने मुझे अपने पास बुलाया और जितना जल्दी हो सके शव ले जाने को कहा। लेकिन रात होने के कारण शव ले जाने में मेरे द्वारा असमर्थता जताया गया। इस दौरान डॉ० रश्मि ने दबाव बनाया और पैसे ले लो जाओ कहा गया. इस पूरे मामले मृतक के पिता ने अब तक हुई जांच विवेचना से संतुष्ठ नही है और पुलिस अधीक्षक से मिलकर डॉक्टर और उनके सहयोगियों पर तत्काल एफआइआर दर्ज करने की गुहार लगाई है. अपराध दर्ज नही करने की सूरत में थाने की घेराव करने को कहा है.

## वन विभाग पेड़ों की कटाई पर अंकुश लगा पाने में असफल, पत्थलगांव क्षेत्र के जंगलों में सागौन की बेशकीमती लकड़ियां माफियाओं के निशाने पर,पुलिस ने 6ट्रैक्टर लकड़ी और 1जेसीबी को किया जप्त, 2लोग हिरासत में,1फरार

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

पत्थलगांव : एक ओर छग सरकार प्राकृतिक वन संपदा के संरक्षण और उसे सहेजने के लिए लगातार प्रयासरत है।तो वहीं दूसरी ओर वन विभाग के निष्क्रियता की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के वनों की बेशकीमती लकड़ियों को माफियाओं द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।वहीं क्षेत्र में इमारती लकड़ियों के कटाई पर अंकुश लगा पाने में विभाग असफल नजर आ रहा है।कुछ महीने पूर्व आपने पुष्पा फिल्म तो देखी ही होगी जिसमे लाल चंदन की लकड़ियों के तस्करी करने का सीन दिखाया गया है।ठीक उसी तर्ज पर जशपुर जिला लकड़ी तस्करी के मामले में इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है।मामला जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र का है।जहां ग्राम लुड़ेग से सटे बेलडेगी जंगल में बेशकीमती सागौन की लकड़ी को काटकर जेसीबी के सहायता से ट्रेक्टर में लोड करने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।दरअसल बीती शाम ग्रामीणों की सूचना पर पत्थलगांव थाना प्रभारी भास्कर शर्मा दल बल समेत झंडाघाट के पास पहुंचे जहां जंगल में लकड़ी से भरे ट्रेक्टर और जेसीबी को जप्त किया।जिसके बाद पुलिस टीम लुड़ेग समीप मनोज खुटिया के घर छापेमारी करने पहुंची यहां भारी मात्रा में सागौन समेत अन्य लकड़ी पुलिस को प्राप्त हुई।आपको बता दें कि पुलिस विभाग और वन विभाग की इस कार्यवाही से लकड़ी माफियाओं के पैरों तले जमीन खिसकती नजर आ रही है।जप्त हुई लकड़ी की कीमत लाखों में आंकी जा रही है।जबकि एक ओर सबसे भौचक



करने वाली बात यह सामने आ रही है कि इतनी भारी मात्रा में वनों से इन लकड़ियों के अवैध कटाई की भनक तक वन विभाग को नहीं लग सकी तो वहीं दूसरी ओर जिस जंगल से इन लकड़ियों की कटाई हो रही थी वहीं कुछ दूरी पर वन विभाग का नाका भी मौजूद होने की बात सामने आ रही है।बताया जा रहा है कि वन विभाग द्वारा लकड़ी माफियाओं को जलाऊ लकड़ी की रसीद देकर पूरे मामले को वैध बनाने की कोशिश की जाने लगी थी मगर ग्रामीणों की सूझबूझ और सक्रियता ने पूरी पोल खोल कर रख दी।वन कर्मचारी से जब ग्रामीणों ने लकड़ी कटाई का कारण और अनुमति पत्र मांगा तो वन कर्मचारी भागकर फरार हो गया।मिली जानकारी अनुसार 2 लोगों को पत्थलगांव पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।वही मुख्य सरगना फरार बताया जा रहा है।थाना प्रभारी भास्कर शर्मा में बताया कि बीती शाम ग्रामीणों से सूचना मिली की कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर और जेसीबी से पेड़ों की कटाई करके अवैध रूप से तस्करी किया जा रहा है।जिस पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा झंडाघाट पहुंचकर ट्रैक्टर और जेसीबी में लोड लकड़ियों को जप्त किया गया।वही पूछताछ पर पता चला कि जेसीबी और ट्रैक्टर मनोज खुटिया नामक व्यक्ति की है जिसके बाद पुलिस द्वारा घर में जाकर दबिश देने पर 6 ट्रैक्टर लकड़ियां बरामद की गई।सभी लकड़ियों को थाना पत्थलगांव लाया गया है प्रकरण में लुडेग निवासी डीलेश्वेर खुंटिया और भीमसेन खुंटियाको हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है आगे की कार्यवाई जारी है।वहीं मामले में जशपुर एसडीओ करण सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी की कुछ लोगों द्वारा जंगल में पेड़ों की कटाई की जा रही है।जहां एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया।जिसके बाद पुलिस विभाग और वन विभाग की टीम ने एक घर में रेड कार्यवाई करते हुए 6 ट्रैक्टर लकड़ियां 1 जेसीबी जप्त की है।

## यात्रियों से भरी बस में अचानक निकलने लगा धुआ ड्राइवर ने रोका बस तो गांव के युवको ने ड्राइवर की कर दी पिटाई वीडियो वायरल होते आरोपियों को पुलिस कर रही तलाश..

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

अंबिकापुर/ रामानुजगंज एनएच पर शुक्रवार की शाम शहर से लगे ग्राम परसा में यात्रियों से भरी चलती बस में अचानक धुआं भर गया। यह देख ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी तो सभी यात्री तत्काल बस से उतर गए। इसी बीच गांव के ही 4-5 युवकों ने ड्राइवर की यह कहकर पिटाई शुरू कर दी कि इस मार्ग पर बस नहीं चलने देंगे। बस यहीं जला देंगे। मारपीट से भयभीत कंडेक्टर व हेल्पर किसी तरह भाग निकले। मारपीट का वीडियो कुछ लोगों ने अपने मोबाइल में बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद ड्राइवर ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है ।गौरतलब है कि पापुलर बस अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर बलरामपुर जिले के जोकापाठ जाने शुक्रवार की शाम 5.30 बजे निकली थी। शाम करीब 6 बजे बस अंबिकापुर-रामानुजगंज एनएच 343 पर ग्राम परसा के पास पहुंची थी कि बस से अचानक धुआं निकलने लगा।यह देख ड्राइवर बलरामपुर जिले के ग्राम भगवानपुर, करौंधा निवासी रवि प्रसाद सोनी 24 वर्ष ने बस वहीं खड़ी कर दी। इस दौरान सभी यात्री तत्काल उतर गए, जबकि बस चालू हालत में ही थी। इस



दौरान ग्राम परसा निवासी संतोष गुप्ता, भटेश केशरी, भटेश का छोटा भाई समेत 4-5 लोग वहां पहुंचे और ड्राइवर से बस को बंद करने कहा।बस बंद नहीं होने के बाद उन्होंने ड्राइवर से गाली-गलौज शुरू कर दी। वे इस मार्ग पर बस नहीं चलने देने तथा जला देने की बात कहने लगे। ड्राइवर ने जब इसका विरोध किया तो सभी ने मिलकर हाथ-मुक्के व चप्पलों से उसकी जमकर पिटाई की 'इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे बस के हेल्पर व कंडक्टर को भी उन्होंने मारा तो भाग निकले। मारपीट में ड्राइवर के चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया।

**आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज.**

बताया जा रहा है कि बस के साइलेंसर में खराबी आने के कारण धुआं निकलने लगा था। ऐसे में बस भी बंद नहीं हो रही थी। पीड़ित ड्राइवर की सूचना पर पापुलर बस के मैनेजर समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे।पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद ड्राइवर ने मारपीट की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है।

## यज्ञ में दी पूणार्हुति, भंडारे मे श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी,,,,,नालपुर बाबा के जयकारों से गुजमान रहा

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर ।समीपवर्ती नालपुर शिव मंदिर पहाड़ी पर शनिवार को शिव मंदिर कमेटी व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में मंदिर पर सुबह विशेष पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । हवन के प्रसादी का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया । मंदिर के संत रामगिरी महाराज सभी को प्रसाद वितरण किया । श्रद्धालुओं ने मंदिर स्थल पर पहुंच धोक लगाकर मन्नत मांग प्रसादी ग्रहण की । जहां पर नालपुर, माजरी खोला, छापुर, पदमाडा , बड़ोद के सदस्यों ने श्रमदान कर पुण्य कमाया। इस मौके पर मंदिर कमेटी व ग्रामीण उपस्थित रहे ।साधु संतो का विदाई समारोह मे दूर दराज से आए संतो का सम्मान समारोह कार्यक्रम मदिर संत रामगीरी महाराज के सानिध्य मे एवं ।कार्यक्रम में बाबा के भजनों का गुणगान सतीश महाशय एंड इंद्रजीत यादव पार्टी ने ने बाबा के भजनों पर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया ।पदमाडा खुर्द गाव के ग्रामीणों ने भंडारे मे गाव से सहयोग कर एक लाख पिचेतर हजार की राशि भेंट की ।



## सर सैयद ट्रस्ट व तयो इंडिया के साझा प्रयास से किसान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



नीमराना। उपखंड क्षेत्र के घिलौट गांव में प्रोजेक्ट किसान उदय का कार्यक्रम सर सैयद ट्रस्ट व तयो इंडिया के साझा प्रयास से किया गया ग्रामीणों ने फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें किसानों को पानी बचाने के सुझाव दिए गए वही 9 किसानों को बीज ड्रिप सिस्टम वितरित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तैयो इंडिया कंपनी के एमडी रियो निशियामा टीम मेंबर आलिया व अनुराग शर्मा रहे सर सैयद ट्रस्ट से डायरेक्टर आशिफ ज़िद्दी आकाश फिराज सोकत राम कुमार व आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे

## राजकीय होम्योपैथिक औषधालय कुशलगढ़ द्वारा 10 अप्रैल को एक दिवसीय नि:शुल्क शिविर का आयोजन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः होम्योपैथिक निदेशालय चिकित्सा विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के निदेर्शानुसार प्रति वर्ष की भांति दिनांक 10 अप्रैल 23 को होम्योपैथीक दिवस डॉ.सेम्युअल हेनिमन जयंती प्रत्येक होम्योपैथीक औषधालय स्तर पर मनाया जाना प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर राजकीय होम्योपैथिक औषधालय कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा द्वारा 10 अप्रैल 2023 को एक दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर मैं त्वचा रोग, श्वसन रोग,महिला रोग, पथरी व शिशुओं संबंधित रोगों का निदान व उपचार किया जाएगा। साथ ही वर्तमान में क्षेत्रीय स्तरीय वायरल डिजीज का उपचार प्रतिरक्षी औषधियों का निःशुल्क वितरण पोषण स्तर पर औषधालय स्तर पर किया जाएगा।यह जानकारी डॉ.सिद्धार्थ पंचाल ने दी।

## पंचायत समिति कठूमर में साधारण सभा की बैठक होगी कल

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**




कठूमर। पंचायत समिति सभागार में दस अप्रैल सोमवार को प्रधान संगम चौधरी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। विकास अधिकारी यशवंत शर्मा ने बताया साधारण सभा की बैठक में राजस्थान सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओ पर चर्चा और समीक्षा होगी। बैठक में कठूमर ब्लॉक के सभी विभागो के अधिकारी व जिला परिषद सदस्य, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य सहित जन प्रतिनिधी शामिल होगें।

## तिजारा समाजसेवी पूर्व प्रधानाध्यापक का निधन

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बे के रहने वाले समाजसेवी बाबूलाल गुप्ता 83 वर्षीय अस्वस्थ होने के कारण का निधन हो गया है अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए गाजे-बाजे के साथ उन की शव यात्रा निकली काफी संख्या में सब यात्रा में सम्मिलित हुए उनके निधन पर , समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता ,वरिष्ठ एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी, महंत जस्सू महाराज, पूर्व चेयरमैन कमलेश सैनी ,राजेंद्र गुप्ता पूर्व पार्षद मंगतू राम सैनी, अध्यक्ष बनेसिंह बिधूड़ी ,नरोत्तम सोनी , पार्षद कालूराम शर्मा ,हुकम चंद अग्रवाल, विनोद भारद्वाज योगेश गुप्ता, अनिल गुप्ता ,कपिल गुप्ता ,पत्रकार महावीर प्रसाद झब्बू राम जाजोरिया ने गहरा दुख व्यक्त किया है



## सैनी विकास मंडल , तिजारा की बैठक का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा - सैनी विकास मंडल , तिजारा की बैठक का आयोजन सैनी समाज के प्रधान कृष्ण सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई !बैठक में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह 11 अप्रैल को धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया !इस अवसर पर प्रातः 7:00 हवन का कार्यक्रम होगा ! प्रातः 9:00 बजे युवाओं द्वारा विशाल बाइक संदेश रैली निकाली जाएगी जो सैनी विकास मंडल से प्रारंभ होकर शहर में अंबेडकर सर्किल होते हुए वापिस सैनी विकास मंडल पर पहुंचेगी ! रैली के दौरान फुले दंपत्ति को भारत रत्न सम्मान मिले इसके लिए उपखंड अधिकारी को केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन दिया जाएगा ! सैनी विकास मंडल में प्रातः 11:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें सैनी समाज के भामाशाहों को भी सम्मानित किया जाएगा ! बैठक में कृष्ण सैनी , महंत जस्सू महाराज , नत्थूराम सैनी , शिवचरण सैनी , पदम चंद सैनी , एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी , इंदर सिंह दहिया , सुभाष चंद सैनी , विकास मंडल के अध्यक्ष अशोक सैनी , कोषाध्यक्ष मदन लाल सैनी , उग्रसेन सैनी , फूल सिंह सैनी , जयनारायण सैनी कुक्कू , खिल्लू राम सैनी , धन सिंह सैनी , निर्भय सैनी , कृष्ण सैनी , सुरेश चंद सैनी , पवन सैनी , सतपाल सैनी व सोनू रतन आदि लोग मौजूद रहे !



## सामाजिक सरोकार कार्यक्रम मे 80 लोगों को राशन किट का वितरण किया गया

पेंशनर समाज जिला शाखा अलवर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पांडे जी के द्वारा कुल 80 असहाय निशक्तजन को राशन किट का वितरण किया गया। किट का वितरण पेंशनर समाज जिला शाखा अलवर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पेंशनर समाज जिला शाखा अलवर के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा मंत्री अशोक शर्मा डॉ दीपक शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।राशन किट वितरण उपरांत संस्था अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा द्वारा इस अवसर पर उपस्थित आप सभी समयदानी सदस्यों को हार्दिक साधुवाद प्रेषित किया गया।



# प्राचीन श्री जन खेड़ा हनुमान जी मंदिर पर बाबा का दो दिवसीय हनुमान महोत्सव वह भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराना। औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री जन खेड़ा हनुमान जी मंदिर पर बाबा का 61 वां दो दिवसीय हनुमान महोत्सव वह भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में पहुंचे कार्यक्रम का आयोजन हुआ रात्रि को उत्तर प्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौधरी एंड पार्टी ने भजनों पर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया गणेश वंदना मनोज करणा के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना जय गणेश जय गणेश देवा माता तेरी पार्वती पिता महादेवा सुषमा कुमारी हो सकी रे मैं जाऊंगी मेले में मेहंदीपुर मेले में, रामजी का लगा दरबार नाच रहे बालाजी, प्रज्ञा हुड्डा रोहतक में ओ मेरे बाबा तेरी हो रही जय जयकार जगत में डंका बाज रहा. प्रियंका चौधरी अलीगढ़ ने तीन लोक चोदह भवन पुकार तुम्हारा नाम कृपा करो बजरंगबली महाराज घाटे वाले बाबा लिया सहारा रे, नीतू भाटी ने बालाजी नीमराणा जमीदार बाबा नाम रितेश है तेरा मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सैनी एवं



नंदलाल सैनी ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को मनोज कराना के द्वारा गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सुप्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौधरी, सुषमा कुमारी, प्रज्ञा हुड्डा,रितु भाटी, ने बाबा बजरंगबली के भजन गाकर समाधान दिया भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोका होटल के अशोक सैनी,श्री श्याम होटल के भज्जू राम सैनी,आयुष होटल के चंदन सैनी ने अखंड ज्योति जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथियों ने ग्रामीण व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय संस्कृति में भगवान के प्रति आस्था रखना ही सबसे बड़ा पुण्य है सत्य के मार्ग पर चलकर धर्म-कर्म में योगदान दें व इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुरु मधु किन्नर, नीमराणा नगर पालिका उप चेयरमैन हरि सिंह सैनी, वीरेंद्र यादव, योगेश ज्वेलर्स के योगेश भारद्वाज,चेतन शर्मा, एडवोकेट हरिओम जांगिड़, कर्मपाल सिंह चौहान, डीलर किशन लाल योगी, युवा समाजसेवी नवीन सैनी रहे युवा समाजसेवी नवीन सैनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा युवाओं को धार्मिक कार्यों में आगे आकर सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेश्वर धाम के मठाधीश शितल नाथ महाराज ने की कार्यक्रम में अतिथियों को फूल माला व राम दरबार नवीन सैनी होशियार सिंह सिंह सैनी नंदलाल सैनी भास्कर ने भेंट कर सभी का स्वागत किया मंच का संचालन महेंद्र यादव राम जी ने की। शिव होटल के मालिक अशोक सैनी ने सभी समाजसेवी व कलाकारों भक्तों का आभार व्यक्त किया मंदिर के पुजारी श्रीराम यादव ने बाबा का अलौकिक सिंगार किया सैकड़ों महिला पुरुषों ने जयघोष के नारे लगाए दिन में देसी घी का भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें 5 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण की मेले में कुश्ती दंगल का आयोजन भी हुआ जिसमें दूरदराज के पहलवानों ने दांव खेले 21 हजार का कामडा हुआ मिल में ग्रामीण महिला दूरदराज से लोग पहुंचे महिला बच्चों ने मेले में खरीदारी की आयोजन में मेला कमेटी का विशेष योगदान रहा जिसमें हर प्रकार की व्यवस्था की उचित देखरेख की गई ।जन खेड़ा हनुमान मंदिर कमेटी के रोहिताश सैनी,परमानंद सैनी, भूपसिंह यादव, कैलाश सैनी, रामानंद यादव, नंदराम सैनी, जयदीप, संजय, शिक्षाविद मोहन लाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी सुगन सैनी, जय दाल सैनी, डां फूल सिंह सैनी, रामपाल, दाताराम सैनी, जसराम सैनी, सुमेर सैनी अन्य ग्रामीण रहे मौजूद।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुखोई एमकेआई 30 में उड़ान भरी

**मरूधर विशेष**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के असम दौरे का आज तीसरी व आखिरी दिन है। इसी क्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के लड़ाकू विमान सुखोई एमकेआई-30 में एक ऐतिहासिक उड़ान भरी। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि देश की रक्षा क्षमताओं में इजाफा हुआ है और अब हम हर मोर्चे जमीन, आसमान और समुद्र में सुरक्षा करने में सक्षम हैं।

**फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुखोई एमकेआई 30 फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं और युद्धक विमान में उड़ान भरने वाली देश की चौथी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व



राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा पाटिल और रामनाथ कोविंद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान में उड़ान भर चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुखोई लड़ाकू विमान की सीट पर लगभग 25 मिनट बिताये। एयरक्राफ्ट को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। इस दौरान सुखोई ने समुद्र सतह से दो किलोमीटर की ऊंचाई पर और 800 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भरी।

**पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल सुखोई में उड़ान भरने वाली पहली महिला**

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पहले देश कि पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 2009 में सुखोई में उड़ान भरी थी। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने अपने नाम दो रिकॉर्ड भी दर्ज किए थे जिसमें पहला सुखोई में उड़ान भरने वाली किसी देश की पहली महिला राष्ट्रपति और दूसरा देश की सबसे उम्रदराज महिला। वहीं इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने सुखोई में उड़ान भरी थी। बता दें कि सुखोई-30 एमकेआई दो सीट वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 8 वर्ष हुए पूरे, जानिए कैसे छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने किए साकार

**मरूधर विशेष**

पीएम मोदी ने कहा है- ह्यमुद्रा योजना ने अनगिनत भारतीयों को अपने उद्यमिता का कौशल दिखाने और रोजगार प्रदाता बनने का अवसर प्रदान किया है।ह्व उनकी इस बात में कोई दो राय नहीं है क्योंकि वास्तव में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 40 करोड़ 82 लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। केंद्र सरकार की इस योजना की मदद से मिले ऋण से देश में न जाने कितने छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने साकार हुए हैं।

**21% नए उद्यमियों को स्वीकृत किया गया ऋण**

केवल इतना ही नहीं, कुल ऋण का करीब 21 प्रतिशत नए उद्यमियों को स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार प्रधानमंत्री मुद्रा योजना द्वारा देशवासी न्यू इंडिया में आत्मनिर्भरता की ओर निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से देश के छोटे-छोटे कारोबारियों के बड़े-बड़े सपने साकार हो रहे हैं।

**साल 2015 में शुरू की गई थी ये योजना**

यह हम इसलिए बता रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं। ज्ञात हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में आय-सृजन गतिविधियों के लिए गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि छोटे और सूक्ष्म-उद्यमियों को 10 लाख रुपये तक के गारंटी रहित आसान ऋण की सुविधा उपलब्ध




कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की थी।।

**सूक्ष्म उद्यमों के लिए ऋण की प्रक्रिया को किया आसान**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, इस योजना ने सूक्ष्म उद्यमों के लिए ऋण की आसान और परेशानी मुक्त पहुंच को सक्षम किया है और बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने में मदद की है।

**मुद्रा योजना के तहत 70% महिलाओं के खाते**

इस योजना के तहत करीब 70 प्रतिशत खाते महिला उद्यमियों के हैं और 51 प्रतिशत खाते एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों के उद्यमियों के हैं। स्पष्ट है कि इस योजना के 8 साल बेमिसाल रहे हैं जिसमें सभी के समृद्ध भविष्य की ओर पहल की गई और महिलाओं और वंचितों का अभूतपूर्व समर्थन किया गया।

**बड़े पैमाने पर मिले रोजगार के अवसर**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद की है और भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ गेम चेंजर भी साबित हुई है।

**हर 5 सेकंड में 5 लाख का ऋण**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत औसतन हर 5 सेकंड में 5 लाख का ऋण पीएम मुद्रा योजना द्वारा देशवासियों के सपनों को उड़ान देने के लिए प्रदान किया गया। हर साल करीब 2.87 लाख करोड़ का ऋण योजना के तहत दिया गया।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में**

आय सृजन गतिविधियों के निर्माण में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का विशेष योगदान है। इस योजना की शुरूआत 8 अप्रैल 2015 को की गई थी। योजना के तहत देश के लोगों को खुद का छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए अधिकतम 10 लाख तक का लोन दिया जा रहा है। अगर कोई भी व्यक्ति अपने कारोबार को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो वह भी लोन ले सकते हैं। लोगों को इस योजना के अंतर्गत लोन लेने के लिए एक मुद्रा कार्ड जारी किया जाता है। सरकार द्वारा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए पीएम मुद्रा लोन के अंतर्गत एक वार्षिक लक्ष्य आवंटित किया जाता है।ये ऋण वाणिज्यिक बैंक, आरआरबी, लघु वित्त बैंक, एमएफआई और एनबीएफसी द्वारा दिए जाते हैं। इनमें से किसी भी ऋणदाता संस्थान से संपर्क कर या इस पोर्टल ६६६.४ठ्ठिं३१६.ल्ल के माध्यम से ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के में उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

**योजना के तहत 3 प्रकार के लोन**

मुद्रा योजना की सबसे अहम बात है कि इसमें बिना किसी गारंटी कारोबार की शुरूआत करने के लिए लोन दिया जाता है। इस योजना के तहत तीन प्रकार का लोन शिशु, किशोर और तरुण में दिए जाते हैं।

**शिशुः 50,000 रुपये तक के ऋण।**

किशोरः 50,000 रुपये से अधिक और रु. 5 लाख रुपये से कम के ऋण।

तरुणः 5 लाख रुपये से अधिक और 10 लाख रुपये तक के ऋण।

मुद्रा लोन लेने के लिए आवेदक को बैंकों या लोन संस्थाओं को कोई सिक्योरिटी जमा कराने की जरूरत नहीं होती है। इस लोन का भुगतान 5 साल तक किया जा सकता है।

# वाशी कोर्ट बना देश का पहला डिजिटल कोर्ट,अब त्वरित होंगे सभी फैसले

**मरूधर विशेष**

पूरे देश को डिजिटलीकरण करने का प्रयास निरंतर चल रहा है। इसी क्रम में नवी मुंबई का वाशी कोर्ट देश की पहली ऐसी अदालत बन चुका है जहां सभी कार्य अब डिजिटल होंगे। इस पहल से आम लोगों को बहुत आसानी से न्याय प्राप्त करने में सुविधा प्राप्त होगी। बॉम्बे हाई कोर्ट के जज गौतम पटेल ने वाशी कोर्ट को पेपरलेस डिजिटल बनाने की सराहना करते हुए कहा कि देश भर की विभिन्न अदालतों में बढ़ते मामले को देखते हुए यह भारतीय न्यायिक प्रणाली के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### अदालतों का भार कम होगा

बता दें कि इस पहल से अदालतों पर पड़ने वाला बोझ कम होगा। इसके अलावा डिजिटल कोर्ट कि मदद से व्यक्ति बड़ी आसानी से अपना केस ई-फाइल कर सकेगा साथ ही कोर्ट संबंधित अन्य काम जैसे न्यायालय शुल्क या अन्य दस्तावेज जमा करने के लिए कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। व्यक्ति



बड़ी आसानी से विभिन्न चैनलों के माध्यम से मामले की स्थिति को ऑनलाइन देख सकेगा।

### पारदर्शिता सुनिश्चित होगी

कोर्ट के पेपरलेस होने से एक तो कागज पर निर्भरता कम होगी। बात दें कि अभी तक देश में ई-फाईलिंग की सुविधा थी, लेकिन वाशी कोर्ट के बाद धीरे-धीरे पूरे देश में डिजिटल फाइलिंग की सुविधा हो जाएगी। डिजिटल अदालत होने से जाहिर है पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा और लंबित विवादों को जल्दी और कुशलता से निपटाने में मदद मिलेगी ।

### पेपरलेस कोर्ट कैसे करेगा काम ?

बात दें कि पेपरलेस कोर्ट का अर्थ होता है जहां अदालतें कागजों के बिना काम करती है। यह तरीका पूरी तरह से पारदर्शी और सटीक होता है। पहले चरण में अदालत को पूरी तरह से स्मार्ट कोर्ट में बदल दिया जाता है जिससे जजों, वकीलों और याचिकाकत्ताओं को दस्तावेजों के साथ जूझने से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा वकीलों को अदालत में पेश होने और अपने साथ केस की मोटी-मोटी फाइलें लाए बिना बहस करने की अनुमति होगी। बता दें कि केंद्र सरकार ने तकनीक का उपयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से ई-कोर्ट इंटीग्रेटेड मिशन मोड प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। लॉकडाउन के दौरान संपूर्ण भारत के न्यायालयों द्वारा 2 करोड़ से अधिक वर्चुअल सुनवाई की गई है, जिससे भारत वर्चुअल सुनवाई में विश्व में अग्रणी बन गया है। यातायात अपराधों की सुनवाई के लिए 17 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 21 वर्चुअल अदालतें स्थापित की गई हैं।

## उजाला ग्रुप के नेतृत्व में सुंदरकांड गरबा 108 दीपक की आरती 56 भोग भजन संध्या एव प्रसादी का भव्य प्रोग्राम आयोजित किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढःछोटी सरवा में पहली बार हनुमान जन्म उत्सव उजाला ग्रुप के नेतृत्व में सुंदरकांड गरबा 108 दीपक की आरती 56 भोग भजन संध्या एव प्रसादी का भव्य प्रोग्राम आयोजित किया गया है जिसमे सिद्धेश्वर रामायण मंडल म्यूजिक ग्रुप राहुल भाई गोप्लू भाई काकनवानी द्वारा भजन संध्या का पाठ किया गया सहयोजक रिक्की उपाध्याय राहुल सिसोदिया दक्ष पंचाल जयदीप राठौड़ महेष पंचाल आनद प्रजापत सनी वर्मा पंकज लोकेश अतुल अरुण आदि उपस्थित थे।

## मानवेंद्र क्लब में आज पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व श्री महेश जोशी को श्रद्धांजलि दी जाएगी

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



आज दिनांक 9 अप्रैल रविवार को परम??? आदरणीय महेश जी जोशी (दासाब) कि पुण्यतिथि होने से आज सुबह 9.00 बजे मानवेन्द्र क्लब में दासाब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात अस्पताल और जेल में क्लब द्वारा फल वितरण किया जायेगा। दासाब कि स्मृति में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। ये जानकारी क्लब के अजय निगम ने दी।

## विप्र फाउंडेशन अरथूना तहसील युवा प्रकोष्ठ द्वारा 22अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव एवम 23 अप्रैल को मोटी बस्सी में रक्तदान का आयोजन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ाः विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय नेतृत्व श्री सुशील जी ओझा के निदेर्शानुसार विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा के तत्वाधान में आयोजित विप्र फाउंडेशन अरथूना तहसील युवा प्रकोष्ठ द्वारा 22अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव एवम 23 अप्रैल को मोटी बस्सी में रक्तदान का आयोजन किया जाएगा। विप्र युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष मेहुल पंड्या के नेतृत्व में 22 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम बनाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। विप्र युवा प्रकोष्ठ गढ़ी विधानसभा प्रभारी पियूष पंड्या ने अधिक से अधिक संख्या में युवाओ को रक्तदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के लिए महामंत्री पंकज पुरोहित संगठन मंत्री चिंतन दवे ने विचार रखे। बेठक में तहसील उपाध्यक्ष रीगल मेहता महमंत्री अनिल जी दवे कोषाध्यक्ष कमलकांत उपाध्याय नरेंद्र जी शर्मा हितेश जी मेहता हसमुख त्रिवेदी गोपाल पंड्या रौनक पंड्या शैलेश जोशी अर्पित व्यास विधान पुरोहित एवम सभी विप्र उपस्थित रहे। ये जानकारी विप्र युवा प्रकोष्ठ गढ़ी विधानसभा प्रभारी पियूष पंड्या ने दी।



## गुरुदेव पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरी महाराजा की वार्षिक षष्ठम पुण्यतिथि निमित्त विशाल रक्तदान शिविर

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः पूज्य गुरुदेव पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरी महाराजा की वार्षिक षष्ठम पुण्यतिथि निमित्त विशाल रक्तदान शिविर दिनांक - 11 अप्रैल 2023, मंगलवार समय - प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक स्थान - श्री जयन्त विहार, गाँधी चौक, कुशलगढ़ शिविर के लाभार्थी राजेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, गौरव,ऋषभ कोठारी परिवार (बस्सी वाले) कुशलगढ़ आयोजक अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन महिला परिषद् शाखा - कुशलगढ़ निवेदक श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय श्वेताम्बर जैनत्रिस्तुतिक मूर्तिपूजक श्री संघ, कुशलगढ़ आओ हम संकल्प करें...सभी मिल रक्तदान करें। ये जानकारी मुकेश नाहटा ने दी।




## बेरका गांव के विधालय में साथिन द्वारा बच्चों को सिखायें खेलकूद

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। उपखंड क्षेत्र में शनिवार को ग्राम पंचायत बेरका में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग की ग्राम साथिन रुचि रानी के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।साथिन ने बालिकाओं को बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना जरूरी है। बालिकाओं की इच्छा अनुसार खो-खो, रूमाल झपट्टा,कबड्डी आदि खेल खिलायें तथा छोटे बच्चे बच्चियों को कविताएं सुनाई। वही सभी बालक बालिकाओं ने इस में बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ ही महामारी सुरक्षा प्रबंधन के बारे में बालिकाओं को आईएम शक्ति उड़ान योजना के माध्यम से सेंट्री नैपकिन के बारे में बताया गया। राजस्थान सरकार ने महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए बहुत ही अच्छी योजना चलाई है। इसमें ग्रामीण महिलाओं की स्थिति में सुधार आएगा कपड़े का इस्तेमाल ना करें सरकार द्वारा चल रही योजनाओं का लाभ उठाएं जागो सोचो और अपनी सोच बदलो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ जभी बनेगा सशक्त नारी सशक्त समाज में 11 से 45 वर्ष की किशोरी बालिका व महिला को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूल के माध्यम से वितरण की जाएंगी। हमें इसका उपयोग कैसे करना चाहिए पर निस्तारण में कैसे करना चाहिए।इस मौके पर शिक्षा विभाग से स्कूल टीचर्स आंगनवाड़ी केंद्र से सभी वर्कर्स व बालक बालिकाओं की उपस्थिति रही।\



## मेरा घर राहुल गांधी का घर का मार्मिक भाव प्रकट करने वाले के प्रति कांग्रेश नेताओं ने कृतज्ञता जताई

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। श्मेरा घर राहुल का घरश्र राहुल गांधी के लिए अपना घर करने वाले मुंडावर उपखंड क्षेत्र के गांव श्री कृष्णनगर के बालक दीपक बाबू पुत्र विकास बाबू के समर्पण भाव से गदगद कांग्रेश नेता एवं पूर्व प्रधान रोहिताश चौधरी, मुंडावर ब्लॉक कॉन्ग्रेस अध्यक्ष अखिलेश कोशिक एवं अपर लोक अभियोजक रामअवतार चौधरी ने बच्चे के घर पहुंच कर उनके प्रति कृतज्ञता जताई। इस दौरान पूर्व प्रधान ने कहा कि 15 वर्ष के बच्चे दीपंक बाबू मैं राजनीति से प्रेरित होकर नहीं बल्कि भाजपा के उस द्वेष भाव से अपना आवास राहुल गांधी के नाम कर दिया जिसमें भाजपा ने मानवता को तार-तार कर दिया था। दिल्ली में 20- 20 वर्ष पहले के पूर्व सांसद आज भी सरकारी आवास पर काबिज है। लेकिन राहुल गांधी ने सदस्यता खत्म होने के पश्चात तत्काल ही सरकारी आवास खाली कर देने की घोषणा कर डाली। पूर्व प्रधान ने राहुल गांधी को महान नेता बताते हुए कहा कि राहुल गांधी का अडानी के मामले में 20 हजार करोड़ गोलमाल कर देने के सवाल पर श्चोर के कान में तिनकाश्र के डर से भाजपा ने शासन का दुरुपयोग कर राहुल गांधी के खिलाफ यह सब षड्यंत्र रचा दिया। है। इधर ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश कौशिक ने भी दीपांक बाबू का राहुल गांधी के नाम घर पर देने खेल लेना को के निर्णय को साहसी एवं मार्मिक बताते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा कि सबको मालूम है कि राहुल गांधी यहां रहने थोड़े आएंगे। लेकिन बालक ने मानवता दिखाते हुए यह निर्णय लिया। इस मौके पर अपर लोक अभियोजक रामावतार चौधरी पूर्व जिला पार्षद एवं कांग्रेस नेता बाबूलाल यादव ने भी दीपांक के साहस की सराहना की। गौरतलब है कि राहुल गांधी की सदस्यता काम करने एवं को सरकारी आवास खाली कर देने की फरमान से उद्वेलित श्री कृष्ण नगर निवासी 15 वर्षीय दीपांक बाबू ने अपना आवास राहुल गांधी के लिए खोल दिया है। और कहा कि यहां राहुल गांधी के लिए मेरे घर के द्वार 24 घंटे खुले हुए हैं।



## उद्योग मंत्री के आश्वासन पर स्थगित हुआ पार्षदों का धरना

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे के नगरपालिका में पार्षदों द्वारा दिया जा रहा धरना 20 वें दिन शनिवार को उद्योग मंत्री शकुंतला रावत की मध्यस्थता से 10 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया । उद्योग मंत्री शनिवार सुबह हुए बानसूर में गोलीकांड की सूचना पर बानसूर पहुंची। इसी दौरान नगरपालिका में 20 दिन से लगातार चल रहे धरने की सूचना पाकर धरना स्थल पहुंचकर पार्षदों व नगरपालिका अधिकारियों में मध्यस्थता करवाते हुए पार्षदों की मांग को 10 दिन में पूरा करने का आश्वासन दिया। उद्योग मंत्री के आश्वासन के बाद पार्षदों ने निर्णय लेकर धरने को 10 दिन के लिए स्थगित किया। यदि 10 दिन में पार्षदों की मांग पूरी नहीं होती है तो पार्षद पुनः धरने पर बैठ जाएंगे। आपको बता दें कि नगरपालिका के पार्षद अपनी प्रमुख मांगों को लेकर वाइस चेयरमैन बनवारी लाल सैनी के नेतृत्व में 20 दिन से धरने पर बैठे हुए थे। पार्षदों की मांग है कि नगरपालिका क्षेत्र में हुए विकास और पट्टे से हुए आय का ब्यौरा सहित कई कार्यों में हुए आय और व्यय की नगरपालिका प्रशासन जानकारी दें लेकिन 20 दिन से कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। पार्षद नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पार्षदों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन गंभीर नहीं हैं। इन लोगों ने मिलीभगत कर इतना भ्रष्टाचार किया है कि अधिकारियों ने कार्यालय में आना तक छोड़ दिया। जब पार्षदों की ही 20 दिन से सुनवाई नहीं हो रही है तो नगर पालिका प्रशासन आमजन की क्या सुनवाई करेगा। क्योंकि भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी है। लेकिन जब तक पार्षदों की मांगें सुनी नहीं जाएंगी और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं की जाएगी जब तक पार्षद धरने पर बैठे रहेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, नगर पालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, सैनी महासभा समिति अध्यक्ष सुरेश चन्द सैनी, धर्म चन्द सैनी सहित पार्षद मौजूद रहे।



## शिवरतनगंज पुलिस द्वारा जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.04.2023 को उ0नि0 रामबहदुर सिंह थाना शिरतनगंज जनपद अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 नफर जिलाबदर अभियुक्त परमानन्द पुत्र रामशंकर नि0 पूरे संत मजरे दांदूपुर थाना शिवरनतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को ग्राम सिंहपुर सर्वजीत बाजार के पास से समय करीब 08.05 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त जनपद अमेठी से जिलाबदर है ।गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।




## राजस्थान मेघवाल समाज की बैठक आयोजित

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे के अम्बेडकर भवन में शनिवार को राजस्थान मेघवाल समाज की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रतनलाल सूठवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रतनलाल सूठवाल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शीलभद्र टिकानिया, हेतराम, शेरसिंह घिलोटीया, हनुमान सिंह, धर्मपाल दोसोदियो, हजारीलाल मेहरा व यादराम पासवान को उपाध्यक्ष एवं राकेश जिंदल , दलीप सिंह,रोहितास मेहरा व रामपत सूठवाल को सचिव मनोनीत किया। इसके साथ ही अनिल होलावास को संगठन मंत्री,रामकुमार को प्रचार मंत्री व गिरिराज को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारिणी के सदस्यों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर राजस्थान मेघवाल समाज के प्रदेश सचिव सुनील रांगेरा, जिलाध्यक्ष मनोज जूली, बाबू प्रभु दयाल सिरोहिवाल सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## अमेठी पुलिस द्वारा चोरी के 1000/ रुपए के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.04.2023 को उ0नि0 शिवनाथ सिंह थाना अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त 1.शिवा कोरी पुत्र चन्द्र भूषण कोरी नि0 ग्राम खेरौना थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष, 2.विपिन कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गुड़ मण्डी कस्बा अमेठी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को अन्तू रोड बाईपास से समय करीब 11:40 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त शिवा कोरी के कब्जे से रुपए 600/- नकद व अभियुक्त विपिन कुमार के कब्जे से रुपए 400/-नकद बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्तों एवं बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों ने दिनांक 05/06.04.2023 की रात में दुगार्पुर रोड पर स्थित ज्वैलरी की दुकान से कुछ पुराने रोल्ड गोल्ड व चांदी के जेवर चुराया था, जिन्हें प्रतापगढ़ के पास एक अपरिचित फेरी वाले को बेच दिया था । हमारे पास से जो रुपये मिले हैं वह उसी चोरी के सामान की बिक्री से मिले रुपए में शेष बचे हैं ।



## पैंथर ने किया गाय का शिकार, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के निकटवर्ती गांव बहराम का बास की निमड़ी वाला में बीती रात को पैंथर ने एक गाय का शिकार कर दिया। पैंथर रात को घर के बाहर बंधी हुई गाय को घसीट ले गया और पुरी गर्दन को खा गया। निमडीवाला निवासी आशीष यादव ने बताया कि बीती रात को दयानंद यादव की गाय घर के बाहर बाड़े में बंधी हुई थी। इसी दौरान रात को पैंथर गाय को करीब 200 मीटर दूर घसीट ले गया और उसकी पूरी गर्दन को चबा गया।जब सुबह 5 बजे बाड़े में गाय दिखाई नहीं दी तो आसपास देखा गया। कुछ दूरी पर गाय पड़ी हुई दिखाई दी।मगर पैंथर ने गाय की पुरी गर्दन को चबा रखा था। इसकी सूचना वन विभाग चौकी पर दी गई । सुचना पर वनपाल सुभाष यादव सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। वनपाल ने बताया कि रात को पैंथर ने गाय का शिकार कर किया है। वहीऊ मौके पर रिपोर्ट तैयार कर पैंथर के पगमार्क लिए गए। पैंथर के मुवमेंट होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।


## किसान संगोष्ठी में 9 किसानों को बीज ड्रिप सिस्टम किए वितरित

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराणा। उपखण्ड क्षेत्र के घीलोठ ग्राम में शनिवार को किसान उदय प्रोजेक्ट सर सैयद ट्रस्ट व ताइयो इण्डिया कम्पनी के साझा प्रयास से किसान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया।ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में किसानों को पानी बचाने के सुझाव दिए गए।तथा 9 किसानों को बीज ड्रिप सिस्टम वितरित किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताइयो इंडिया कंपनी के एमडी रियो निशियामा,टीम मेंबर आलिया व अनुराग शर्मा रहे।सर सैयद ट्रस्ट से डायरेक्टर आशिफ ज़िद्दी,आकाश,फिराज सोकत,राम कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।




# मवड़ी दोहरा हत्याकांड दो माह से ऊपर बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ है खुलासा








**मरूधर विशेष/महावीर सिंह साँचोरा**

आज से करीब दो माह पूर्व 2 फरवरी को बाड़मेर जिले की सिवाना तहसील के मवड़ी गाँव मे अपने खेत में बने घर में सो रहे जगदेवसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष और रूपकंवर पत्नी भंवरसिह राजपूत उम्र 75 वर्ष दोनों माँ और बेटे की अज्ञात लोगो द्वारा चोरी और लूट की नियत से हत्या कर दी जाती है मृतक के घर के आस पास नजदीक घर नहीं होने के कारण इस घटना का घटना के 6 दिन बाद 8 फरवरी को पता चलता है । तब तक दोनों माँ और बेटे के शव सड़ जाते है पुलिस और मेडिकल टीम को बुलाकर शवों का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया जाता है घटना के कुछ दिन बाद इस हत्याकांड का खुलासा करने हेतु सिवाना तहसीलदार को ज्ञापन दिया जाता है घटना के छ सात दिन बाद मृतक के घर से कुछ दूर स्कूल के मैदान में बने कमरे पर मैदान में खेल रहे बच्चो को मृतक का आधार कार्ड ,दूध हिसाब की डायरी सहित कुछ प्रूफ मिलते है जो ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सुचना देकर ये प्रूफ पुलिस को सोप दिए जाते है मृतकों की चारपाइयों के निचे बिखरे खून के निशान ,मृतक के घर से सोने चांदी के आभूषण और नकद रुपए गायब होने मृतक के घर में बने कमरे का ताला टूटा हुआ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह साबित होता है कि इन माँ और बेटे की चोरी और लूट की नियत से हत्या की गई है ।

पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की आवाज कुछ दिनों बाद श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह जी गोगामेड़ी द्वारा उठाई गई उसके कुछ दिनों बाद स्थानीय विधायक हमीरसिह जी भायल द्वारा इस मामले को विधानसभा में उठाया गया ,इस हत्याकांड के खुलासे को लेकर 3 मार्च को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के बैनर तले राजपूत समाज के लोगो ने जिला कलेक्टर बाड़मेर ,जिला पुलिस अधीक्षक बाड़मेर और जोधपुर रेंज पुलिस कक्कमहोदय को ज्ञापन देकर इस हत्याकांड के खुलासे की मांग की,

इस हत्याकांड के खुलासे को लेकर राजपूत समाज बाड़मेर ने 20 मार्च और जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आगे प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक और ज्ञापन और दस दिन का अल्टीमेटम दिया ,इस हत्याकांड के खुलासे हेतु बालोतरा आगमन के दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेड़ी ने मिडिया के सामने मांग की 2 अप्रेल को जयपुर में होने वाली केशरिया महापंचायत के कारन बाड़मेर में 1 अप्रेल से होने वाले अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया ,2 अप्रेल को जयपुर में केशरिया महापंचायत में लाखो लोगो के सामने इस मामले को उठाया ।

उससे पहले उसी दिन समाज के युवानेता पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह जी के दोहिते अभिमन्युसिंह जी राजवी से भी मिले उन्होंने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया ।इसके साथ ही इस हत्याकांड की आवाज को समाज के कई गणमान्य लोगो ,न्यूज चेनलो ,समाचार पत्रों और सोशियल मीडिया पर हजारो लोगो ने उठाया , इस हत्याकांड के खुलासे हेतु दोनों पार्टियों के समाज के राजनेताओ सहित सामाजिक नेताओ को भी अवगत करवा दिया गया है ,इस हत्याकांड की जांच पहले सिवाना थानाधिकारी के पास थी जो 20 मार्च को पुलिस उपअधीक्षक बालोतरा को दी गई है पर आज इस हत्याकांड के दो माह और छ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा इस हत्याकांड का खुलासा कर पाने में असफल होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान पैदा करता है ।

**समाज के प्रबुद्धजनों के बताया**

जल्दी ही समाज के वरिष्ठजनो से सलाह मशविरा कर आगे की रूप रेखा बनाकर इस हत्याकाँड के खुलासे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने के लिए बाड़मेर जिला मुख्यालय पर समाज के लोगो द्वारा अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल की जायेगी ।

# कानपुर में फिर सक्रिय बच्चा चोर गिरोह, नवजात ले भागी महिला, तलाश शुरू

**मरूधर विशेष/सुनील बाजपेई**

कानपुर` लगभग तीन-चार साल पहले की तरह बच्चा चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। उसकी एक महिला सदस्य यहां की सीएससी से नवजात को लेकर रफूचक्कर हो गई है। इसकी पुष्टि तब हुई जब वह सीसीटीवी कैमरे में भी बच्चे को ले जाती हुई दिखाई पड़ी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है स्थानीय सीएचसी में हुई इस घटना की रिपोर्ट कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है। साथ ही बच्ची की बरामदगी के लिए टीम को लगाया है,लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चा चोर महिला का कोई सुराग नहीं मिला है पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है। प्राप्त विवरण के मुताबिक



भौंती के सीतेपुर गांव निवासी महेश कुमार की पत्नी सुषमा देवी को कल्याणपुर, सीएचसी में डिलीवरी हुई थी। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया। पति महेश ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में सुषमा की देखरेख के लिए उनकी मां कृष्णा मौजूद थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे जब कृष्णा पानी लेने गई तभी वार्ड में घूम रही एक महिला सुषमा से नजदीकी बढ़ा खिलाने के बहाने बच्ची को लेकर भाग गई। शक होने पर परिजनों ने इसकी जानकारी सीएचसी के अधीक्षक को दी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक कराये ,जिसमें महिला बच्ची को लेकर बाहर जाते नजर आई। एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर बच्ची की तलाश में थाने की टीम को रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर बच्चे को जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा` अवगत कराते चलें कि तीन-चार साल पहले भी सक्रिय रह चुका बच्चा चोर गिरोह इसके पहले भी इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है , लेकिन गिरोह के अधिकांश सदस्य आज तक नहीं पकड़े जा सके।

## कड़ीली हंसी_ कांता मीणा



वर्षा अक्सर अपनी मां के पास चूल्हे पर रोटी बनाते समय बगल में बैठ जाया करती थी। क्योंकि वर्षा और उसकी मां पिताजी के जाने के बाद अकेले हो गए थे। पिताजी को दिल का दौरा आया और चल बसे, मां अक्सर वर्षा को अपने बचपन की बातें बताया करती थी और वर्षा भी अपनी मां को ढेर सारी बातें सुनाया करती। चूल्हे पर रोटी बनाते समय कड़ीली पर एक चमक आ जाती तो वर्षा कहती देखो मां यह क्या हो रहा है। मां कहती कड़ीली हंस रही है । वर्षा बोलती मां तुम भी ना कुछ भी बोलती हो। ये तो आग ज्यादा हो जाती है तब कुछ चिंगारी इससे चिपक जाती है। मां नहीं वर्षा कड़ीली हंसती है। जब घर में कोई मेहमान आने वाला होता है,खाना खाने तब देखो कल जब हंसी थी। तब तुम्हारी काकी जी आई थी। देखते हैं आज कौन आता है बस मन ही मन सोचने लगी तभी बुआ जी आ गई ।अरे वर्षा रोटी बन गई क्या ?

नहीं बुआ जी अभी बन रही है। बुआ डाल ला खाना भूख लगी है। सोचा अब कौन अकेली के लिए चूला जलाएगा। सब के सब तो बारात में चले गए और मुझ बूढ़ी को छोड़ गए तभी मां थाली लेकर आ गई। बुआ अरे सुगनी, तूने अभी तक स्कूल जाना नहीं छुड़ाया इस बेलगाम वर्षा का। नहीं बुआ जी अभी तो यह महाविद्यालय भी जाएगी ऊंची पढ़ाई करने। अच्छा सुगनी तेरी मति मारी गई है क्या ? बिसना तो अब रहा नहीं, ओर तू ठहरी अंगूठा टेक। तू कहां कहां इसके पीछे महाविधालय के चक्कर काटेगी। नहीं जीजी इसने महाविधालय का फॉर्म तो मोबाइल से घर से ही भर दिया। इसके पापा ने इसे पिछले साल थोड़े-थोड़े पैसे एकत्रित कर सस्ता सा फोन दिला दिया था जिससे कि ये अपने छोटे-छोटे काम घर से ही कर सके। वर्षा इस तरह के ताने रोज सुना करती थी। उसने मन ही मन दृढ़ निश्चय कर लिया था कि वह अपने पिताजी के अधूरे सपने को पूरा करेगी। उसके पिताजी चाहते थे कि वर्षा एक शिक्षिका बने। वर्षा ने जैसे-जैसे अपनी पढ़ाई पूरी की और शिक्षिका वाली परीक्षा की तैयारी करने लगी। मां हमेशा वर्षा को प्रोत्साहित करती रहती और वर्षा लगन से मेहनत करती रही। उसने मां को नहीं बताया था कि उसकी परीक्षा का परिणाम आ गया है और वो शिक्षिका बन गई है। उसकी मां चुल्हे पर बैठे बैठे रोटी बना रही थी। मां बोली वर्षा कड़ीली हंस रही है। वर्षा बोली हंसने दो मां आज जो मेहमान घर आएगा वह हमारा जीवन बदल देगा ।तभी वर्षा को बधाई के संदेश आने लगे। मां वर्षा देख मोबाइल में लाइट जल रही है ।वर्षा अपनी मां को आलिंगन करते हुए बोली मां में सफल हुई उस परीक्षा में जिसका सपना आपने और पिताजी ने देखा था। आपकी कड़ी मेहनत रंग लाई है । मां की आंखों में खुशी के आंसू थे। वर्षा,मां और कड़ीली अब तीनों हंस रही थी।

## उमेश पाल हत्याकांड:माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन अब हुई 50 हजार की इनामिया,पहले था 25 हजार इनाम

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश को दहला देने वाला उमेश पाल हत्याकांड में नामजद माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर अब इनाम 50 हजार है गया है।पहले पुलिस ने शाइस्ता पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।दबिश पर दबिश के बाद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने इनाम 50 हजार कर दिया है। बताते चलें कि 24 फरवरी को बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल उर्फ कृष्ण कुमार की धूमनगंज थाने से चंद कदम की दूरी पर ताबड़तोड़ गोलियां और बम बरसाकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक, उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ,बेटे सहित शाइस्ता परवीन पर उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने एफआईआर दर्ज कराई थी।इसके बाद से ही शाइस्ता परवीन फरार चल रही थी।बता दें कि शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज की जा चुकी है।शाइस्ता ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके बाद अब शाइस्ता परवीन के पास सरेंडर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।शाइस्ता परवीन के बेटे असद पर पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद ही है।असद का गोली चलाते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।



## अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर मांगे 1 लाख, ओर कहा- पुलिस कंप्लेंट करी तो टांगे तोड़ दूंगा

**मरूधर विशेष/क्राइम/महावीर सिंह चौहान**

जयपुर में दोस्ती कर कॉलेज छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख रुपए की मांग की। ब्लैकमेल करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। करधनी थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच रळड (करधनी) हीरालाल सैनी कर रहे है।पुलिस ने बताया कि लालकोठी निवासी 20 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही है।पुलिस ने बताया कि लालकोठी निवासी 20 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। करीब 4 महीने पहले उसकी हेमंत यादव नाम के लड़के 'मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर ले लिए। आरोपी हेमंत उसे मोबाइल पर कॉल करने के साथ ही वॉट्सऐप मैसेज भेजने लगा। मना करने पर भी लगातार मोबाइल पर बात करता था। मोबाइल पर बात होने पर आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली ।आरोप है कि 22 जनवरी को पढ़ाई के बहाने आरोपी हेमंत उसे दादी का फाटक झोटवाड़ा स्थित अपने रूम पर ले गया। कमरे में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। दुष्कर्म के दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना लिया। साथ ही सख्त चेतावनी दी कि पुलिस में शिकायत की तो तेरी टांगे तोड़ तुझे जान से खत्म कर दूंगा । 3 मार्च को कॉल कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर 1 लाख रुपए की मांग की। रुपए नहीं देने पर अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा की बार बार धमकी से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने ऋक्षऋदर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## समाजसेवी विनय व्यास ने पत्रकारों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट वितरण किए

**मरुधर विशेष//विशेष संवाददाता**

खैरथल// खैरथल कस्बे में आज शनिवार को सुबह 11:00 बजे होटल ग्रीनलैंड में समाजसेवी विनय व्यास ने किशनगढ़ बास निवासी ने पत्रकारों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट वितरण किए। इस अवसर पर विनय व्यास ने कहा कि मीडिया जगत के लोग भी सम्मान के अधिकार हैं वह आमजन के लिए पूरे दिन भाग दौड़ में लगे रहते हैं उनकी सुरक्षा हेतु यह हेलमेट वितरण किया जा रहा है उन्होंने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि भविष्य में अन्य सुविधाएं भी उनकी ओर से उपलब्ध कराई जाएगी इस मौके पर प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया से जुड़े सभी पत्रकार मौजूद रहे।



## बानसूर में अपराधी बेखौफ, दिनदहाड़े युवक पर चलाई गोली

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे में एक बार फिर दिन दहाड़े फायरिंग की घटना सामने आयी है । बदमाशों ने एक युवक को गोली मारी। युवक के पेट में लगी गोली। लोगों ने घायल युवक को बानसूर उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया। फायरिंग करने वाला आरोपी घायल युवक के परिवार के ही बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रकाश यादव पुत्र सूरजभान यादव निवासी बालावास रोड हरजी की ढाणी अनाज मंडी में काम करता है। सुबह वह मंडी जा रहा था। इस दौरान अलवर तिराहे पर बाइक पर आए उसके ही परिवार के ताऊ के लड़के अमित यादव और एक अन्य युवक ने फायरिंग कर दी। हमले में प्रकाश के पेट में गोली लग गई। फायरिंग के बाद ग्रामीणों ने अमित को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोपी अमित की पिटाई कर दी तो वहीं हमले में घायल प्रकाश को बानसूर अस्पताल पहुंचाया । प्राथमिक उपचार के बाद कोटपूतली अस्पताल में ले जाया गया जहां से गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक से 2 अवैध पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। घायल युवक और हमले के आरोपी युवक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। बताया गया कि पारिवारिक पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग की गई है । क्षेत्र में बढ रही आपराधिक घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अवैध हथियार आम आदमी तक कैसे पहुंच रहे है ये एक बड़ा सवाल सामने आ रहा है।






Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256